# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)

## Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)


प.सं.3-12/2021(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/

दिनांक : 19/01/2026

## सूचना - 1882

**महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन में सीधी भर्ती से मल्टी टास्किंग स्टाफ (MTS) पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के आधार पर सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के कौशल परीक्षा के सम्बन्ध में ।**

प्रतिष्ठान द्वारा मल्टी टास्किंग स्टाफ (MTS) के एक पद को सीधी भर्ती के माध्यम से भरने हेतु रोजगार समाचार के दिनांक 11से 17 अक्टूबर, 2025 के अंक में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था तथा आवेदन आमंत्रित किए गए थे । मल्टी टास्किंग पद हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 10-01-2026 को आयोजित की गई थी ।

लिखित परीक्षा के आधार सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की **कौशल परीक्षा** अधोलिखित विवरणानुसार आयोजित की जाएगी ।

| क्र.सं. | पद का नाम | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मल्टी टास्किंग स्टाफ | 28-01-2026 | पूर्वाह्न 11:00 से 11:40 | महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पोस्ट - जवासिया, उज्जैन - 456006 |

**अभ्यर्थियों की सूची, पाठ्यक्रम तथा दिशा-निर्देश संलग्न हैं ।**

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

**प्रतिलिपि :** (1) सहायक निदेशक, प्रशासनिक, मसारावेविप्र

(2) कौशल परीक्षा हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को ईमेल द्वारा सूचित तथा प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशित ।

(3) सम्बन्धित पत्रावली

(4) कार्यालय आदेश पत्रावली


वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पो.ऑ. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN - 456006 (M.P.)
दूरभाष/Telephone : 0734 - 2502266, 2502254, ई-मेल/E-mail : msrvvpujn@gmail.com, वेब-साईट/Website : www.msrvvp.ac.in

# Syllabus for the Skill Test for the post of Multi-Tasking-Staff (MTS)

## (1) Multi-Tasking-Staff (Group-C, Level-1)

### SKILL TEST / कौशल परीक्षण

| | | |
|---|---|---|
| Skill Test<br>कौशल परीक्षण | Computer Awareness.-Basics, Data Base, MS Office, Networking, Internet application, Typing in Hindi or English, Print out<br>Electronic Dispatch : Scanning, Uploading & Emailing etc., | Qualifying Test<br>अर्हक परीक्षा |
| | कंप्यूटर जागरूकता -बेसिक्स, डाटा बेस, एमएस ऑफिस, नेटवर्किंग, इंटरनेट एप्लीकेशन, हिन्दी अथवा अंग्रेजी में टाइपिंग, प्रिन्ट आउट निकालना<br>इलेक्ट्रानिक जावक : स्केनिंग, अपलोडिंग तथा ईमेलिंग आदि | |

**Note**: (*) The skill test is a qualifying test only. Candidates will be ranked on the basis of written test performance only, subject to qualifying in skill test. **Assessed as Qualified / Not Qualified.**

**Instructions:**

The candidate is required to type the Test Passage in the Medium opted by candidate, e.g. if candidate opts for English Medium, candidate is required to type in English language in Roman Type Font and if candidate opts for Hindi, then required to type in Devnagari (Unicode font). The candidates are expected to type the words/figures and numerical/years in the manner as given in the Question Paper (both in English & Hindi). Mistake will be counted if a candidate types differently or in other language. This applies for both in English & Hindi Mediums.

# कौशल परीक्षा में उपस्थिति हेतु महत्वपूर्व निर्देश

1. कौशल परीक्षा हेतु सूचीबद्ध उम्मीदवार को अपने समस्त शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण पत्र एवं व्यक्तिगत पहचान पत्र (ID) (आधार कार्ड, पेन कार्ड), जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य है । मूल प्रमाण पत्रों के अभाव में उम्मीदवार को कौशल परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा । **अभ्यर्थियों को अनुसूचित जनजाति (Scheduled Tribe) का वर्तमान वर्ष में मान्य प्रमाण पत्र की प्रति लाना अनिवार्य है । वर्तमान सत्र में मान्य Scheduled Tribe प्रमाण पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा ।**
2. उम्मीदवार के समस्त प्रमाण पत्रों की जांच उपरांत ही कौशल परीक्षा में उपस्थित किया जाएगा । प्रमाण पत्रों की जांच में किसी भी प्रकार फर्जी प्रमाण पत्र पाए जाने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर कौशल परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा तथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।
3. लिखित परीक्षा के आधार पर कौशल परीक्षा में बुलाए गए अभ्यर्थी के स्थान पर अन्य किसी अभ्यर्थी के उपस्थित होने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर कौशल परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।
4. उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे कौशल परीक्षा हेतु केन्द्र पर समय से **2 घंटे** पहले उपस्थित हों।
5. अभ्यर्थी को कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट/मोबाइल फोन / बैग अथवा अन्य किसी भी प्रकार की सामग्री प्रतिष्ठान परिसर में लाने की अनुमति नहीं है। अभ्यर्थी को अपने व्यक्तिगत सामान (बैग/ मोबाइल फोन/ इलेक्ट्रानिक गैजेट आदि) प्रतिष्ठान परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा गार्ड को अपने स्वयं की जिम्मेदारी पर जमा कराना होगा । यह सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों की तलाशी ली जाएगी कि उनके पास कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट/मोबाइल/अवांछित सामग्री आदि न हो।
6. यदि किसी उम्मीदवार के पास कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या कोई अन्य वायरलेस कम्युनिकेशन (चाहे काम कर रहा हो या स्विच ऑफ मोड) साधन पाया जाता है उसकी उम्मीदवारी तत्काल रद्द कर दी जाएगी और उसे कौशल परीक्षा /आशुलिपि परीक्षा / टाईपिंग टेस्ट में सम्मिलित नहीं किया जाएगा ।
7. उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई टीए/डीए भुगतान/ आवास व्यवस्था नहीं की जाएगी ।
8. उम्मीदवारों के लिखित परीक्षा के आधार पर प्रतिष्ठान द्वारा कौशल परीक्षा में बुलाया गया है । यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उम्मीदवार की योग्यता, आयु, श्रेणी के संदर्भ में पात्रता मानदंड में कोई भी विसंगति पाई जाती है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी तत्काल रद्द कर दी जाएगी।
9. उम्मीदवार द्वारा कौशल परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार नकल, जाली प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने, अन्य किसी व्यक्ति को कौशल परीक्षा में उपस्थिति कराए पाए जाने या किसी भी प्रकार का परीक्षा विरोधी कार्य करते पाए जाने पर अभ्यर्थी को परीक्षा में कदाचार का दोषी मानते हुए परीक्षा से उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी । अभ्यर्थी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कर आवश्यक कानूनी एवं वैधानिक कार्यवाही की जाएगी ।
10. चयन प्रक्रिया के सभी मामलों में, चयन समिति का निर्णय सभी उम्मीदवारों के लिए अनुपालनीय होगा।
11. प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित की गई लिखित परीक्षा के आधार पर कौशल परीक्षा में सूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों की संख्या में परिवर्तन, परीक्षा को पूर्णत: / आंशिक निरस्त करना / स्थगित करने अथवा परीक्षा/ चयन प्रक्रिया में किसी कारणवश किसी भी प्रकार के परिवर्तन का सम्पूर्ण अधिकार प्रतिष्ठान के पास सुरक्षित रहेगा । इस सम्बन्ध में कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा ।
12. कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी परिस्थिति में अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा ।
13. केवल शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार ही कौशल परीक्षा के लिए उपस्थित रहेंगे ।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव